## आनंदकृष्ण आश्रम में अखण्ड रामायण पाठ और कीर्तन से गूंजा वातावरण

# घुघरी के परम संत श्री श्री 1008 त्यागी जी महाराज फट्टी वाले बाबा की मनाई पुण्यतिथि





**मंडला, घुघरी।** गांव.गांव और नगर.नगर में राम नाम की अलख जगाने वालेए परम संतए समाज सुधारक एवं अद्भुत तपस्वी श्री श्री 1008 त्यागी जी महाराज फट्टी वाले बाबा जी की पुण्यतिथि आज श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई जा रही है। घुघरी के आनंदकृष्ण आश्रम में संत समाजए श्रद्धालुओं और दूर.दराज़ से पहुंचे भक्तों ने भजन.कीर्तनए रामायण पाठ और अखण्ड ज्योति के माध्यम से महाराज जी को शत.शत नमन किया।

### संतान सप्तमी पर रहती है पुण्यतिथि

त्याग तपस्या और भक्ति की मिसाल रहे त्यागी जी महाराज की पुण्यतिथि संतान सप्तमी के दिन मनाई जाती है। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और हर साल की भांति इस वर्ष भी पुण्यतिथि पर आश्रम में भक्तों का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालु महाराज जी की समाधि पर जाकर नमन करते हैं और अपने जीवन में सुख.समृद्धि की कामना करते हैं।

### चार दशकों से अखण्ड रामायण पाठ

महाराज जी के जीवनकाल से ही प्रारंभ की गई परंपरा आज भी निरंतर जारी है। पिछले लगभग 40 वर्षों से आनंदकृष्ण आश्रम में अखण्ड रामायण पाठ और अखण्ड ज्योति बिना रुके जल रही है। यह निरंतर साधना आज पूरे क्षेत्र में भक्ति और अध्यात्म की अद्वितीय धारा प्रवाहित कर रही है।
आश्रम के पुजारियों और भक्तों के अनुसारए श्महाराज जी का आशीर्वाद ही है कि यहां की ज्योति कभी बुझी नहीं। यह अखण्ड साधना पूरे क्षेत्र को पवित्र और ऊर्जावान बनाए रखती है। पुण्यतिथि के अवसर पर आश्रम का वातावरण राम नाम के गगनभेदी उद्घोष से गूंज उठा। भक्तों ने भजनए कीर्तन और रामधुन के माध्यम से महाराज जी को स्मरण किया। गाँव और कस्बों से आए महिला.पुरुष मंडलियों ने देर रात तक भक्ति.रस की गंगा बहाई। श्राम नाम ही सबसे बड़ा सहारा हैष् दृ इस संदेश को आत्मसात करते हुए श्रद्धालु राम नाम का सामूहिक जप कर रहे हैं।

### प्रदेश.प्रदेश में फैला भक्ति का संदेश

फट्टी वाले बाबा जी केवल घुघरी तक सीमित नहीं रहे। मध्यप्रदेश के साथ.साथ अन्य राज्यों में भी उनके शिष्य और अनुयायी बड़ी संख्या में रहे। महाराज जी का भ्रमण सतत चलता रहता था और जहां भी वे जातेए वहाँ भक्ति और धर्म का प्रवाह अविरल हो जाता। उनके प्रवचनों में सदैव राम भक्तिए सत्यए सरलता और सेवा का महत्व बताया जाता।
उनकी शिक्षाओं से प्रभावित होकर हजारों लोग उनके शिष्य बने और आज भी उन्हीं की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

### समाधि स्थल पर उमड़ा जनसैलाब

महाराज जी का समाधि स्थल श्रद्धालुओं के लिए तीर्थ बन चुका है। पुण्यतिथि पर यहां दूर.दराज़ से भक्त पहुंचते हैं और नमन कर आशीर्वाद पाते हैं। समाधि स्थल पर भजन.कीर्तनए आरती और रामायण पाठ का आयोजन होता है। श्रद्धालु इस अवसर को दिव्य उत्सव मानते हैं।्यागी जी महाराज का जीवन अत्यंत सरल और तपस्वी रहा। उन्होंने लोकमंगल के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। गाँव.गाँव में राम नाम की अलख जगाते हुए उन्होंने समाज को धर्म और नैतिकता की शिक्षा दी। उनके अनुयायियों का कहना है कि महाराज जी केवल संत ही नहींए बल्कि पथप्रदर्शक भी थे। गांव के बुजुर्ग बताते हैं दृ श्जब भी महाराज जी गांव में आते थे तो माहौल अपने आप बदल जाता था। लोग विवाद भूलकर भक्ति और सेवा में लग जाते थे। वे कहते थे कि भक्ति ही सबसे बड़ा साधन है।

### आनंदकृष्ण आश्रम धर्म की गंगा

आज घुघरी का आनंदकृष्ण आश्रम केवल एक धार्मिक स्थल नहींए बल्कि आस्था का केंद्र बन चुका है। यहाँ प्रतिदिन रामायण पाठए भजन.कीर्तन और राम नाम का जप होता है। विशेषकर पुण्यतिथि पर आश्रम में श्रद्धालुओं की इतनी भीड़ उमड़ती है कि पूरा वातावरण आध्यात्मिक मेले का रूप ले लेता है। भक्तों का मानना है कि महाराज जी के आशीर्वाद से ही यह स्थल आज भी धर्म की गंगा बहा रहा है। भक्त बड़ी श्रद्धा से इन आयोजनों में शामिल हो रहे हैं और राम नाम के साथ महाराज जी को स्मरण कर रहे हैं। समय भले ही आगे बढ़ गया होए लेकिन भक्तों की श्रद्धा आज भी अमर है। फट्टी वाले बाबा जी के अनुयायी मानते हैं कि उनका आशीर्वाद सदैव उनके साथ है। चाहे सुख हो या दुःखए वे महाराज जी को स्मरण कर शांति और समाधान पाते हैं। गांव की महिलाएं बताती हैं कि श्हमारे घर.आँगन में महाराज जी के आशीर्वाद से हमेशा सुख.शांति बनी रहती है। जब भी कोई संकट आता हैए बाबा जी को याद करते ही समाधान मिलता है फट्टी वाले बाबा जी की पुण्यतिथि केवल एक धार्मिक आयोजन नहींए बल्कि यह पूरे क्षेत्र की आध्यात्मिक धरोहर बन गई है। हर वर्ष की तरह इस बार भी यह आयोजन भक्तों में नई ऊर्जा और भक्ति का संचार कर रहा है। फट्टी वाले बाबा जी ने अपने जीवन से जो राम नाम की अलख जगाई थीए वह आज भी जल रही है। उनका आशीर्वादए उनकी तपस्या और उनकी शिक्षाएं भक्तों के लिए जीवन का मार्गदर्शन बनी हुई हैं। पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धालु उन्हें नमन कर यही कामना कर रहे हैं कि उनका आशीर्वाद सदैव सब पर बना रहे और भक्ति की यह ज्योति निरंतर जलती रहे।

# उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में आयोजित तीन दिवसीय खेल गतिविधियां





मंडलाः मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय मंडला और उत्कृष्ट विद्यालय मंडला के संयुक्त आयोजन में राष्ट्रीय खेल दिवस पर तीन दिवसीय खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम फिट इंडिया मूवमेंट के तहत आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया।इस अवसर पर विद्यालय में रस्साकसी, 100 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़ जैसे मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ भाग लिया। केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्रवण साहू ने विद्यार्थियों को प्रतिदिन एक घंटे खेल के लिए प्रेरित किया और मेजर ध्यानचंद की जीवन यात्रा पर प्रकाश डालते हुए सफलता के लिए समर्पण और मेहनत की बात कही।प्राचार्य कल्पना नामदेव ने विद्यार्थियों को खेलों में महान विभूतियों से प्रेरणा लेने की सलाह दी और कहा कि खेल में सफलता हासिल करने के लिए संघर्ष और मेहनत की आवश्यकता होती है।इस कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए गए। 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में दक्ष बंजारा, विजेंद्र पारे, और निलेश सिरसाम तथा बालिका वर्ग में साक्षी मरावी, गरिमा तिलगाम और प्रतिभा मरावी ने विजेता पदक जीते। इसके अतिरिक्त, रस्साकसी प्रतियोगिता में तीन विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की गई।कार्यक्रम के संचालन में शिक्षक अखिलेश उपाध्याय ने बताया कि मेजर ध्यानचंद ने भारत को तीन ओलंपिक स्वर्ण पदक दिलाए और उनकी हॉकी में उत्कृष्टता का दुनिया भर में लोहा माना जाता है।इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने में एन एस एस प्रभारी प्रवीण अग्रवाल, पीटीआई प्रखर पटेल, मातेश्वरी कुशराम, नागेंद्र चौहान और उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक शैलेश जयसवाल, सी के नंदा, कन्हैया वरमैया, राम ज्योतिषी, नाथू सिंह घोसी और अरुण दुबे का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# शिक्षक ने छात्रा से की अश्लील हरकत

**निवास।** हाल के वर्ष में जिले व जिले से सटे जिलों के छात्रावास या छात्रावास में रहकर अध्यनरत छात्र छात्राओं को कुछ ज्यादा ही परेशानी पेश आई हैए जिनमें निवास के आदर्श एकलव्य छात्रावास के कुप्रबंधन से छात्रा शिल्पा मरावी की असमय मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया हैए ये मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ है और दूसरा कृत्य हो गया।जानकारी अनुसार निवास थाने में हुई दर्ज की गई रिपोर्ट में बबलिया क्षेत्र के बरबटी स्कूल में पदस्थ आरोपी शिक्षक मनोज चक्रवर्ती ने 10 वीं क्लास की छात्रा कोप्राचार्य कक्ष में बुलाकर स्कूल की चाबी लाने के लिए भेजाए जब छात्रा चाबी लेकर वापस पहुंची तो कलयुगी शिक्षक के मन का शैतान जाग उठा और शिक्षक छात्रा के अकेलेपन का फायदा उठाने की कोशिश कीए लिखाई गई रिपोर्ट के मुताबिक शिक्षक ने छात्रा को सीने से चिपटाकर अश्लील हरकत करते हुये बातें कीए इस अप्रत्यासित घटना व कलयुगी शिक्षक की इस करतूत से आहत और डरी छात्रा शासकीय छात्रावास पहुंचकर अपनी सहपाठी छात्राओं को आपबीती बताई पश्चात पिता को घटना की जानकारी दी। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बबलिया के कुछ राजनीति से जुड़े लोगों ने पैसों के दम पर मामले को दबाने का असफल प्रयास किया और आरोपी शिक्षक भी किसी तरह मामले पर पर्दा डालने का षडयंत्र रच रहा हैए ज्ञात हो कि इस तरह के घिनोने अपराध में ;बीएनएसद्ध पॉस्को की धारा 7 के तहत यौन इरादे से बच्चे को छूना या अन्य गैर.पेनेट्रेटिव कृत्य शामिल हैंए जिसमें आरोपीत को 3 से 5 वर्ष का कारावास और जुर्माना का प्रावधान है।शुक्रवार 29ध08ध2025 को पिता के साथ पहुँची छात्रा की शिकायत पर निवास पुलिस ने 74 75**bns** 3/4 **Pocso act st/sc act**मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

### इनका कहना है..

एक छात्रा ने अपने शिक्षक पर बदनीयती से छेड़छाड़ के आरोप की शिकायत दर्ज कराई हैए मेरे द्वारा आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तारी करने बल लगा दिया गया है।

वर्षा पटेल ;थाना इंचार्ज निवास

### वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन करने की प्रक्रिया पर कार्यशाला का आयोजन

**मंडला।** वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन करने की प्रक्रिया को लेकर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के आडिटोरियम में कार्यशाला का आयोजन किया गया। वन, राजस्व एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से संयुक्त रूप से शनिवार को यह कार्यशाला आयोजित हुई। इस कार्यशाला में वन ग्रामों में निवास करने वाले परिवारों के लिए वन अधिकार पत्र जारी करने, ग्रामों की सीमाओं का निर्धारण करने, वन भूमि के पट्टों का आवश्यकता अनुसार पट्टा नवीनीकरण करने तथा सर्वे जैसे विषयों पर विस्तार से विमर्श किया गया। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर सहायक संचालक केटीआर बफर जोन श्री आशीष पाण्डेय ने संपरिवर्तन करने की प्रक्रिया की एसओपी को सभी के साथ साझा किया। इस कार्यशाला में एसओपी के सातों चरणों को विस्तार से समझाते हुए इसकी तय टाइम लाइन भी बताई गई। इस दौरान उपस्थित वन विभाग के अधिकारी- कर्मचारियों, वन समिति सदस्यों तथा किसानों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। कार्यशाला में वन विभाग, राजस्व विभाग, जनजातीय कार्य विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, वन समिति सदस्य तथा वन ग्रामों के कृषक शामिल हुए।

# अपनी संतान के लिए व्रत रख संतानों की दीर्घायु की कामना की



**भुआ बिछिया मंडला।** भद्र पद सत्तमी तिथि रविवार को संतान सप्तमी का पर्व श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया गया। प्रातःकाल से ही महिलाएँ व्रत रखकर संतानों की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना के लिए पूजा-अर्चना की। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर नगर के मंदिरों और घर-आँगनों तक पूजा-पाठ का पावन वातावरण बना रहा। महिलाएँ दिनभर निर्जला व्रत रखकर संतान सप्तमी व्रत कथा का श्रवण कर रही थीं। परंपरागत रूप से आम के पत्तों और हल्दी-कुमकुम से पूजा स्थल सजाया गया। महिलाओं ने दीयों और दीपमालाओं से भगवान सूर्यदेव एवं माता संतानेश्वरी का पूजन कर चांदी चूड़ी या अंगूठी अपने हाथ में धारण की जिससे अपने संतानों की सुख समृद्धि बनी रहे। संध्या समय व्रती महिलाओं ने नदी, तालाब और कुओं के जल से अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया। पूजा के बाद महिलओं ने अपने बच्चों को तिलक लगाकर दीर्घायु का आशीर्वाद दिया। संतान सप्तमी के अवसर पर स्थानीय मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और हवन भी आयोजित किए गए, जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं की सहभागिता रही।



# राष्ट्रीय खेल दिवस पर सद्भावना फुटबॉल मैच का हुआ आयोजन

**मंडला।** शनिवार को स्थानीय महात्मा गांधी स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में सद्भावना फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। यह फुटबॉल मैच जिला पुलिस बल द्वारा मेजर ध्यानचंद की याद में आयोजित किया गया। पुलिस एकादश और सिटीजन एकादश के बीच आयोजित इस मैच का मकसद युवा पीढ़ी को नशे से दूर कर मैदान से जोड़ना तो था ही साथ इसके जरिये जिला पुलिस बल ने आमजन को यातायात के नियमों का पालन करने और साइबर फ्रॉड से सचेत रहने के लिए भी जागरूक किया। मैच के पहले मेजर ध्यानचंद के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।
अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना के साथ बेहतर खेल प्रदर्शित करने के लिए शुभकामनाएं भी दी। इस मैच के जरिये पुलिस ने यह सन्देश भी देने की कोशिश की कि वह पुलिसिंग के आलावा खेलकूद व विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर आमजन के साथ कन्धे से कन्धे मिलाकर कार्य करने के लिए संकल्पित है। इस सद्भावना मैच में दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मैच के पहले ही मिनट में पुलिस को गोल करने का सुनहरा अवसर मिला। पुलिस इलेवन के खिलाड़ी द्वारा ली गई फ्री किक सीधे गोल पोस्ट पर टकरा गई। इसके बाद सिटिज़न इलेवन के खिलाडियों ने पुलिस को गोल करने का मौका नहीं दिया। इस रोमांचक मुकाबले में सिटीजन एकादश की टीम विजेता 4 ६ 0 से विजय रही। सिटिज़न इलेवन की तरफ से बिलाल खान ने 1ए प्रथम चौकसे ने 2 और यावेश संत ने 1 गोल किया। मैच के अंत में पुलिस इलेवन के कप्तान संदीप भारतीय को उपविजेता और सिटीजन इलेवन के कप्तान पंकज उसराठे को विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। मैच में रेफरी की भूमिका का निर्वहन अभिषेक यादवए असिस्टेंट रेफरी की भूमिका अतुल चीचाम व नीरज मार्को ने निभाई।
मैच के बाद खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामना देते हुए अच्छे खेल के लिए भी बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि कि जब भी आप दो पहिया वाहन चलाएं तो हेलमेट जरूर लगाए। मैं यह मानकर चलता हूं कि खिलाड़ी जो होता है वह हमेशा नशे से खुद कोए अपने दोस्तों कोए अपने परिजनों को दूर रखता है। जब भी चार पहिया वाहन चलाएं तो सीट बेल्ट जरूर लगाए। बहुत सारी ऐसी चीज जो हमारे आसपास होती रहती है। हम सब फोन का इस्तेमाल करते हैं। मोबाइल पर आए हुए किसी भी अनजान मैसेज को क्लिक न करें। अपने ओटीपी किसी से शेयर ना करें। बैंक संबंधी ऐसी कोई भी जानकारी किसी से शेयर ना करें जिससे आपकी गाढ़ी कमाई के साथ कोई फ्रॉड हो जाए। साथ में महिला और बच्चों की सुरक्षा के लिए असली हीरो बनकर रहे। जहां पर भी कभी ऐसा अवसर आता है तो जरूर उसके बारे में रोक.टोक करें। यदि कोई व्यक्ति गर्ल्स स्कूल या कॉलेज या किसी ऐसे स्थान ६ बाजार में बच्चियों या महिलाओं से छेड़खानी करता है तो रोक.टोक करेंए पुलिस को खबर करें। उनके वीडियो बनाएं। यह हमारा खेल जो है हम सबको टीम वर्क के साथ काम करने के लिए प्रेरित करता है। खेल मैदान के बाहर भी हमें ऐसे ही काम करना है।

# पात्र हितग्राहियों को शीघ्र मिलेगा वनाधिकार पत्र, कलेक्टर ने लगाई विशेष चौपाल

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

**पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र उपलब्ध कराने एवं लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने हेतु जिला प्रशासन व वन विभाग द्वारा विशेष चौपालों का आयोजन किया जा रहा है।**





शनिवार को कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने विकासखंड करंजिया के वनग्राम बावली, बिजौरी, जोगीग्वारा, भलवाही टोला, चौरादादर, सोनतीरथ, खारीडीह, नीमटोला व नीचेटोला में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद किया और समस्याओं का निराकरण किया।

### बावली चौपाल

यहां ग्राम वन समिति द्वारा 15 आवेदन चिन्हित किए गए है, जिन्हें वनमित्र पोर्टल पर ऑनलाइन करवाकर शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए गए। ग्रामीणों ने विद्यालय, पानी व बिजली की मांग रखी, जिस पर संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

### चौरादादर चौपाल

यहां 24 आवेदन चिन्हित किए गए, जिनमें से अभी तक 6 आवेदन ही ऑनलाइन किए गए है, शेष आवेदनों को शीघ्र ऑनलाइन करवाकर ग्राम वन समिति को कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। ग्रामीणों ने टॉवर व पेयजल की मांग रखी। कलेक्टर ने पात्र किसानों को अधिकतम 4 हेक्टेयर भूमि तथा पिछड़ा वर्ग समुदाय के पात्र परिवारों को नियमानुसार वनाधिकार पत्र देने के निर्देश दिए।

### खारीडीह चौपाल

यहां 23 आवेदन चिन्हित किए गए है कलेक्टर ने तीन दिवस में सभी आवेदनों को पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने पर कार्यवाही की चेतावनी दी। साथ ही ग्रामीणों की टॉवर, पानी व बिजली संबंधी मांगों पर जांच कर समाधान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा ग्रामीणों को जानकारी दी गई कि आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत सभी चिन्हित ग्रामों में आदि सेवा केंद्र खोले जाएंगे, जिसमें सिंगल विंडो के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ मिलेगा।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर डिंडौरी में उत्साह के साथ आयोजित हुई स्थानीय खेल प्रतियोगिताएं





डिंडौरी।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के मार्गदर्शन में खेल मंत्रालय के निर्देशन में खेल और युवा कल्याण विभाग के द्वारा 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस पखवाड़ा पर आज 30 अगस्त को मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर चंद्रविजय महाविद्यालय खेल मैदान में मार्शल आर्ट एवं वॉलीवाल खेल प्रतियोगिता का अयोजन किया गया मुख्य अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर श्री जे.पी.यादव, श्री आमिर खान क्रीड़ा अधिकारी महाविद्यालय, जनसंपर्क अधिकारी उपस्थित रहे। वॉलीवाल प्रतियोगिता के शुभांरभ में अपर कलेक्टर ने हाथ मिलाकर परिचय लिया और मैच का शुभांरभ किया। अंत में मुख्य अतिथि के द्वारा प्रथम विजेता वॉलीवाल टीम सीनियर आदीवासी छात्रावास, द्वितीय चंद्रविजय महाविद्यालय को शील्ड मेडल देकर सम्मानित किया। और अंत में मुख्य अतिथि के द्वारा खिलाडियों को जिले का नाम रोशन करते हुए आगे बढने की शुभकामनाए दी। श्री चेतराम अहिरवार वॉलीवाल प्रतियोगिता निर्णयाक के रूप में भूमिका निभाते हुए प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न कराई। साथ ही प्रातः 9 बजे मनीषा बैरागी द्वारा मार्शल आर्ट की प्रेक्टिस करायी गयी।

प्रतियोगिता के दौरान कुमारी आरती सोंधिया, श्रीमती संतोषी यादव, श्रीमती सुनीता धुर्वे, श्रीमती लक्ष्मी बनावल, एवं अन्य सीनियर खिलाडी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अंत्येष्टि सहायता राशि अटकी, जनपद सीईओ सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी

मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले मेंसी.एम. हेल्पलाइन शिकायत में गंभीर लापरवाही बरतने पर जनपद पंचायत बजाग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (CEO) एम.एल. धुर्वे को निलंबित कर दिया गया है। जबलपुर संभागायुक्त ने आदेश जारी करते हुए कहा कि शिकायत के निराकरण में उदासीनता एवं घोर लापरवाही बरती गई, जो कि मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 का उल्लंघन है। ग्राम पंचायत पिण्डरूखी निवासी रूप सिंह ठाकुर ने 11 मार्च 2025 को सी.एम. हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज की थी कि उनकी पत्नी मालती बाई की मृत्यु उपरांत अंत्येष्टि सहायता राशि 5000 रुपये प्राप्त नहीं हुई। मामले में उच्च स्तर के अधिकारियों द्वारा बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद भी CEO बजाग एम.एल. धुर्वे द्वारा संबल पंजीयन एवं भुगतान संबंधी कार्यवाही नहीं की गई। कमिश्नर ने आदेश में उल्लेख किया कि धुर्वे की इस लापरवाही से प्रकरण का उचित निराकरण नहीं हो सका। इसलिए उन्हें मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला पंचायत डिंडौरी नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा।



## मृत्युंजय आश्रम में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मां नर्मदा के उद्गम स्थल पावन नगरी अमरकंटक स्थित मृत्युंजय आश्रम में राजस्थान प्रांत के धौलपुर जिले के बाड़ी विधानसभा क्षेत्र की भगवान लोधेश्वर महादेव सेवा समिति, बाड़ी के भक्त-श्रद्धालुओं द्वारा सप्तदिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन किया जा रहा है। धौलपुर, राजस्थान के केशव देव शास्त्री व्यास पीठ से रसमय शैली में कथा का वाचन कर भक्तों को श्रीमद् भागवत महापुराण का दिव्य श्रवण कराया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मृत्युंजय आश्रम परिसर से आकर्षक एवं भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं भक्तगण ढोल-ढमाकों, भजन-कीर्तन और नृत्य के साथ मुख्य मार्ग होते हुए पावन सलिला मां नर्मदा के रामघाट तक पहुंचे, जहां मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन किया गया। तत्पश्चात शोभायात्रा पुनः कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर धौलपुर जिले के बाड़ी क्षेत्र से लगभग 300 श्रद्धालु अमरकंटक पहुंचे हैं, जो सात दिवसीय धार्मिक आयोजन में शामिल होकर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त कर रहे हैं।

# माताओं ने संतान की लंबी उम्र के लिए रखा संतान सप्तमी का व्रत

अमरपुर।



जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर सहित आस पास के गांवों में शनिवार को संतान सप्तमी का पर्व मनाया गया। महिलाओं ने संतान प्राप्ति, उनकी प्रसन्नता व दीर्घायु की कामना के साथ सप्तमी का व्रत रखा। मां गौरी तथा भगवान शंकर की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। सनातन संस्कृति में संतान सप्तमी व्रत धार्मिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण माना जाता हैं। प्राचीन धार्मिक मान्यताओं के अनुसार संतान सप्तमी के दिन विवाहित महिलाएं सूर्योदय के पहले ही स्नानादि से निवृत्त होकर घर के सबसे पवित्र स्थान पर चौक सजाकर नारियल आम पत्रों से सुसज्जित कलश स्थापित कर भगवान शिव व माता पार्वती का रोली कुमकुम अक्षत से पूजन करती हैं। संतान प्राप्ति, उनकी प्रसन्नता व दीर्घायु के लिए चांदी अथवा सोने से निर्मित चूड़ी, दूध, घी, पान, दही एवं गंगाजल से पवित्र कर महिलाओं द्वारा हाथ में धारण करने और संतान सप्तमी व्रत की कथा सुनने का विधान हैं। कथा कहने वाले ब्राह्मण को दहिणा देकर विदा करने के पश्चात गुड़ चीनी से निर्मित सात पुओं का भोग लगाकर उन पुओं का प्रसाद ग्रहण कर महिलाएं अपना व्रत पूरा करती हैं।



## घर-घर और पंडालों में विराजे गजानन, गणेश चतुर्थी से रोज गूंज रहे बप्पा के जयकारे

हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।

गणेशोत्सव का पर्व जिलेभर में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक घर-घर, मंदिरों और सार्वजनिक पंडालों में विघ्नहर्ता गणेश विराजमान हुए। सुबह से ही पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का दौर शुरू हो गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

### आकर्षक पंडाल और सजावट

डिंडौरी नगर, शहपुरा, मेहंदवानी, करंजिया सहित विभिन्न कस्बों और गांवों में सामाजिक व धार्मिक समितियों ने भव्य पंडाल सजाए। जगह-जगह लाइटिंग, रंग-बिरंगी झालरें और फूलों की सजावट से माहौल रोशन हो उठा। कई समितियों ने आकर्षक थीम आधारित पंडाल बनाकर श्रद्धालुओं को आकर्षित किया।

### मंदिरों में विशेष आयोजन

जिले के प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और आरती की गई। भक्तों ने सुबह से ही मंदिरों में पहुंचकर गणपति बप्पा के दर्शन किए और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

दस दिनों तक जिलेभर में गणेशोत्सव की धूम देखने को मिलेगी। सुबह-शाम आरती और भजन-कीर्तन के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। युवाओं और बच्चों के लिए खेल-कूद व प्रतियोगिताएं भी रखी जाएंगी।

### शोभायात्रा के साथ होगा विसर्जन

गणेश उत्सव के समापन अवसर पर प्रतिमाओं का विसर्जन शोभायात्रा के साथ किया जाएगा। ढोल-ढमाकों और नृत्य-गान के बीच श्रद्धालु 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों के साथ अपने आराध्य को विदाई देंगे।

## कबाड़ चोरी की खुली पोल, कड़ी कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।

जिले के कोयलांचल नगरी में कालरी से लाखों करोड़ों के कबाड़ की चोरी लगातार हो रही है जिसे देखने वाला कोई नहीं है। जिसका ज्वलंत उदाहरण 30 अगस्त को सुबह करीब 7 बजे बिजुरी कोतमा की ओर से अनूपपुर की ओर जा रही पिकअप एमपी 65 जीए 2265 जिसका चालक कृष्ण पाल सिंह था जो कालरी का कई टन चोरी का बेस कीमती लोहा लेकर अनूपपुर की ओर जा रहा था तभी नेशनल हाईवे 43 बदरा जमुना तिराहा के पास अनूपपुर की ओर से आ रही एक कार एमपी 65 सी 4736 पिकअप कर से टकरा गई और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि एयरबैग दोनों खुल जाने की वजह से कार चालक को गंभीर चोट नहीं आई इस टक्कर से पिकअप में लदा कबाड़ कुछ गिर गया और कबाड़ चोरों की पोल खुल गई अब देखना या है कि पुलिस क्या कार्यवाही करती है। इससे यह तो पता चल गया कि कबाड़ चोरी का काम जोरों पर चल रहा है यह एक्सीडेंट हो गया तो पता चल गया वरना कितने पिकअप माल प्रतिदिन निकलता है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है हालांकि मौके पर 100 डायल पहुंच चुकी थी।

### गजब का मैनेजमेंट

जानकर हैरानी होगी कि जैसे ही कबाड़ भरा पिकअप कार से टकराया उसके मात्र 10 मिनट बाद ही वहां पर कबाड़ के आदमी और जेसीबी मशीन आई और वह पिकअप को उठाकर ले गई और दूसरी और एक पिकअप भी तुरंत आया जिसमें बचा हुआ कबाड़ कबाड़ चोरों ने तत्काल लादकर वहां से ले गए कहां ले गए। क्या कार्यवाही हुई अभी तक कोई सूचना नहीं मिली है। उक्त घटना को कई चश्मदीदों ने देखा।

## खबर संक्षेप

### 1 सितंबर को किसान कांग्रेस का धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन

**अमरपुर।** ब्लॉक किसान कांग्रेस द्वारा किसानों की समस्या एवं अन्य अनियमितताओं के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, रैली उपरांत प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह आयोजन 1 सितंबर सोमवार को निधोरी भानपुर में दोपहर 1 बजे किया जाना हैं। यह जानकारी किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राय सिंह मरकाम द्वारा दी गई। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि आयोजित धरना प्रदर्शन, रैली एवं ज्ञापन में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर मौजूद रहेंगे।k

### कन्हैया लाल मिश्रा बने भगवा पार्टी के नए जिलाध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारतीय गण वार्ता पार्टी (भगवा पार्टी) ने जिले के संगठनात्मक ढांचे में बदलाव करते हुए कन्हैया लाल मिश्रा को अनूपपुर जिले का नया जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय महासचिव मुरारी लाल पाण्डेय की सहमति और राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाकान्त शुक्ला के निर्देश पर की गई। कन्हैया लाल मिश्रा लंबे समय से सामाजिक व धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं और क्षेत्रीय स्तर पर संगठन को मजबूत करने में लगातार प्रयासरत रहे हैं। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि उनके नेतृत्व से जिले में कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा और पार्टी के जनाधार का और अधिक विस्तार होगा।

### मेंटीनेंस के कारण आज 4 घंटे रहेगी लाइट बंद

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** विद्युत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग के कोतमा रोड स्थित विद्युत उपकेन्द्र मे 11 केव्ही परसरवार फीडर व 11 केव्ही जमुड़ी फीडर मे ट्रांसफार्मर/लाइन शिफ्टिंग व मेंटीनेंस का कार्य किया जाना है, इसके लिए सुबह 8 से 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उक्त कार्य के दौरान सब स्टेशन से निकलने वाले फीडरों जिसमे अनूपपुर शहर समेत ग्रामीण उपभोक्ता प्रभावित होंगे।

### सर्पदंश से घायल युवक अस्पताल में भर्ती, हालत खतरे से बाहर

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक के सुप्रसिद्ध समोसा व्यवसायी, वार्ड क्रमांक 12 मुख्य मार्ग निवासी नागेश्वर यादव के ज्येष्ठ पुत्र सतीश यादव (20 वर्ष) को शनिवार को दोपहर लगभग 12 बजे मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के होलीडे होम्स में कार्य के दौरान हरे रंग के सर्प ने काट लिया। सतीश यादव, जो होलीडे होम्स में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में वृक्षों की कटाई-छंटाई का कार्य कर रहे थे, तभी एक हरा सर्प वृक्ष से गिरकर उनकी उंगली में काट गया। उपस्थित लोगों ने तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरकंटक पहुँचाया, जहाँ चिकित्सकों ने तुरंत उपचार प्रारंभ किया। चिकित्सक डॉ. रानू प्रताप सारिवाल ने बताया कि सर्प विषैला नहीं था, फिर भी सावधानी के तौर पर सभी आवश्यक उपचार किए गए हैं। उन्होंने लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि झाडियों, घास या पेड़ों के आसपास काम करते समय सतर्कता बरतें, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

### पेंशनरों की लंबित मांगों को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पेंशनरों की लंबित न्यायोचित मांगो के शीघ्र निराकरण के लिए प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिलाध्यक्ष शंभू प्रसाद शर्मा के नेतृत्व मे भारत के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे लेख किया गया कि प्रदेश के 5 लाख पेंशनर्स की ज्वलंत लंबित समस्याओं का निराकरण नहीं होने से पेंशनर्स एवं उनके परिवार में घोर असंतोष व्याप्त है। यहां तक कि केंद्र के समान ना तो महंगाई राहत दी जा रही है और ना ही स्वास्थ्य संबंधी अन्य लाभ दिए जा रहे है।

## खबर संक्षेप

### दुर्घटना में महिला की मौत

**गोटेगांव।** पुलिस थाना गोटेगांव के कमती इमलिया गांव के पास सड़क दुर्घटना में गुमताबाई विश्वकर्मा 42 साल निवासी चांदनखेड़ा की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग प्रकरण कायम करके पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई की है। बिना बताए घर से गया व्यक्ति गोटेगांव विगत दिवस समीपवर्ती पुलिस थाना ठेमी के सगरा गांव निवासी श्रीराम मेहरा 32 साल अपने घर से बिना बताए कहीं चला गया। रपोर्ट होने पर पुलिस ने गुम इंसानी के तहत प्रकरण कायम किया है।

### हादसे में ग्रामीण की मौत

**गोटेगांव।** बीते दिनों पुलिस ने खमरिया गांव निवासी चौ. नरवर सिंह पटेल 75 साल की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने पर मर्ग प्रकरण कायम किया। पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई पूरी कर मामले को जांच में लिया है। घटना गुरूवार की बताई जा रही है।

### चाकू से किया घायल

**गोटेगांव।** विगतदिवस पुलिस थाना गोटेगांव के बजरंग वार्ड निवासी जितेन्द्र सिलावट को पुरानी रंजिश के चलते हुए मारपीट की घटना करके चाकू से प्रहार करके घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट होने पर करण चौधरी एवं सौरभ चौधरी के खिलाफ धारा 351 296 115 118,3 के तहत प्रकरण कायम किया है

### अनिश्चित विद्युत कटौती से नागरिक परेशान

**गोटेगांव।** बीते कुछ दिनों से बिजली की मनमानी कटौती पर रोक नहीं लग रही है, नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में कटौती सर्वाधिक हो रही है। बिजली आने-जाने का क्रम अनिश्चित रहता है। जिससे बारिश के मौसम में ग्रामीणों को खासी परेशानी हो रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि दिन हो या रात जब चाहे बिजली आपूर्ति खराब हो जाती है। जिससे कामकाज पर भी असर हो रहा है। आपूर्ति में सुधार कराने नगर एवं ग्रामीणों द्वारा मांग की जा रही है।

### नहीं रहे शिक्षक शंकर सिंह जयवार

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस ग्राम हीरापुर के प्रतिष्ठित जयवार परिवार के रिटायर्ड शिक्षक शंकर सिंह जयवार का निधन हो जाने पर क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर अंतिम यात्रा में शामिल होकर श्रंद्धाजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी। मासाब के नाम से विख्यात श्री शंकर सिंह जयवार अनूप प्रसन्न प्रफुल्ल प्रभात जयवार के पूज्य पिता थे।

### ब्राह्मण महासभा द्वारा सम्मान समारोह आज

**तेंदूखेड़ा।** सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा आज तेंदूखेड़ा के कलश गार्डन परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। दोपहर 12 बजे से आयोजित होने वाले इस सम्मान समारोह में जिले के सभी वरिष्ठ एवं युवा स्वजातीय बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे ।









# खेल प्रशिक्षक एवं खिलाड़ियों का सम्मान किया

### विविध खेल प्रतियोगिताओं को आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शासन के निर्देशानुसार खेल दिवस के अवसर पर शैक्षणिक संस्थाओं व खेल विभाग द्वारा विविध खेल प्रतियोगिताओं को आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया ने बच्चों को खेल में आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दी। पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि खेल और पढ़ाई के क्षेत्र में अपने मार्गदर्शी शिक्षक से मार्गदर्शन प्राप्त कर मेहनत के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने के लिए कहा। नगरपालिका अध्यक्ष नीरज दुबे ने कहा कि प्रशिक्षक खिलाड़ियों को मेहनत एवं लगन से प्रशिक्षित कर रहे हैं। उन्होंने युवा खिलाड़ियों से कहा कि आप देश के भावी भविष्य हैं, मन लगाकर खेल में मेहनत कर सफलता प्राप्त करें और देश, समाज व अपने परिवार का नाम रोशन करें। पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना ने कहा कि खेल में तन- मन- धन और अनुशासन के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए मेहनत करनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सीमा दीक्षित ने किया।

### व्हालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

व्हालीबाल कोर्ट स्टेडियम ग्राउंड में राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद जी की 120 वीं जयंती के उपलक्ष्य में खेलेगा देश, खिलेगा देश की थीम पर अपने स्वास्थ्य रखने एक घंटे मैदान के उद्देश्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथियों ने पूर्व खेल प्रशिक्षक एवं खिलाड़ियों का सम्मान किया। अतिथियों ने विश्व स्तर पर देश का हॉकी का परचम लहराने वाले मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, आशीष पटेल, सुनील कोठारी, संजय बनवारी, मयंक जैन, श्रीकांत श्रीवास्तव, अन्य जनप्रतिनिधि, पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती सुनीता यादव, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी संदीप नेमा, व्हालीबॉल जोनल सेकेट्री मनीष कटारे, पंकज नेमा, अन्य अधिकारी- कर्मचारी, पूर्व वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक और खिलाड़ी मौजूद थे।

### खेलों से होता है शारीरिक विकास

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेलेगा देश- खिलेगा देश की थीम पर विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन 29 अगस्त से 31 तक आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में खो- खो प्रतियोगिता का आयोजन सुनील कोठारी, अजय सिंह साहू, शशिकांत शुक्ला, लकी दुबे, ऊषा शेलोकर आदि की मौजूदगी में किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए युवाओं को खेलों के प्रति उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा मिलता है, बल्कि टीम भावना, प्रतिस्पर्धा, और खेल के प्रति सम्मान भी उत्पन्न होता है। पीजी कॉलेज नरसिंहपुर की बालिका और डीसीसी क्लब नरसिंहपुर की टीम में खो- खो प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का संचालन व्हालीवाल संघ जोनल सेक्रेट्री मनीष कटारे ने किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन अंतर विभागीय गोला फेंक प्रतियोगिता संपन्न हुई। वही शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता नरसिंहपुर की टीम विजयी रही।

### खेल प्रशिक्षक हुए सम्मानित

राष्ट्रीय खेल दिवस पर जिले के वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक एवं खिलाड़ियों को शाल- श्रीफल, तुलसी माला एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने वरिष्ठ व्हालीबॉल, कबड्डी खिलाड़ी एसके कटारे, व्हालीबॉल में बीडी नामदेव, मृदुलेश दुबे, योगेश शर्मा, विवेक शर्मा, हॉकी में प्रवीण सिंघई, राजकुमार चैबे, क्रिकेट में राजीव किशोर श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव, कबड्डी में शमशाद खान, रोप स्कीपिंग में मुकेश पटेल, योगा में केएस रजक, संदीप तिवारी, जूडो में अशोक नामदेव, कुश्ती में शिवकुमार यादव, एथलेटिक में विनोद नेमा, शतरंज में पंकज नेमा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बालक- बालिका की व्हालीबाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विजेता एवं उपविजेता टीमों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया।

## श्री गणेश देवस्थानम सिद्धपीठ में 56 भोग, भंडारा व महाआरती आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद द्वारा श्री गणेश देवस्थानम सिद्धपीठ में छप्पन भोग, भंडारा एवं महाआरती का आयोजन आज 31 अगस्त को आयोजित है। जिला अध्यक्ष श्रीमती विवेक पांडे, नगर अध्यक्ष श्रीमती सुनंदा भट्ट और समस्त कार्यकारिणी ने नगर की मातृशक्ति से अनुरोध किया है, इस पुनीत कार्य में हिस्सा लेकर पुण्य प्राप्त करें। ज्ञात हो कि प्रतिदिन सनातन वैदिक अनुष्ठान प्रतिदिन किया जा रहा है। वही मंदिर के व्यवस्थापक सुशांत पुरोहित द्वारा बताया गया कि श्री गणेश देवस्थानम सिद्धपीठ में आज आध्यात्मिक काव्य गोष्ठी का अनूठा आयोजन है। जिसमें प्रथम पूज्य पर केन्द्रित रचनाओं का पाठ होगा। कार्यक्रम शशिकांत मिश्र, नरेन्द्र सराठे, सतीश तिवारी सरस, प्रशांत शर्मा सरल, डॉ. अनिल नेमा, डॉ. आशीष सोनी मौलिक, कुंज बिहारी यादव कुंजन, सत्यम नेमा, विश्वास कुमार अपने काव्य का पाठ कर गजानन से आशीर्वाद प्राप्त करेगें।

## सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस जिला शिक्षा विभाग में 33 वर्ष से अधिक समय तक सेवा देने वाले परीक्षा प्रभारी लेखापाल सवल सिंह जाट एवं क्रीड़ा अधिकारी संजय कंजर के सेवानिवृत होने पर जिला शिक्षा विभाग में विदाई समारोह में दोनों को विदाई देकर स्मृति चिन्ह भेंटकर उनके कार्यों की प्रशंसा की गई। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी संदीप नेमा ने कहा कि शिक्षा विभाग का सबसे महत्वपूर्ण कार्य परीक्षाओं के सुचारू संचालन में परीक्षा प्रभारी रहे सबल सिंह जाट ने बेहद कर्तव्यनिष्ठा समर्पण और निष्ठा से कार्य किया। कार्यक्रम का संचालन दीपक अग्निहोत्री एवं आभार प्रदर्शन मनीष कटारे ने किया। उक्त मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षा विभाग के कर्मचारी अधिकारी एवं सेवानिवृत हो रहे संजय कंजर एवं सबल सिंह जाट के परिवारजन, मित्र और शुभचिंतक मौजूद थे।

## घर घर दस्तक देकर होगा बिजली बिल वसूल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत 3 वर्षों से बिल जमा न करने घर घर दस्तक देकर बिजली बिल वसूली अभियान प्रारंभ हो गया है । सभी से समय पर बिजली बिल जमा करने की अपील की गई है। शिविर आयोजित कर बिल वसूली की जा रही है। नरसिंहपुर व्रत के अधीक्षण अभियंता श्री चौहान एवं कार्यपालन श्री जशेले के निर्देश पर डाँगीढाना वितरण केन्द्र के गोरखपुर मुख्यालय के मेहगांव पंचायत भवन में शिविर चौपाल लगाया गया। जिसमें लगभग 55 उपभोक्ता पर 1 लाख रुपए राशि बकाया पर 20 हजार रुपए मौके पर जमा करवाए उपभोक्ताओं को समझाइश दी गई है कि बिजली बिलों में मिलने वाली सब्सिडी का लाभ तो शत प्रतिशत ले रहे लेकिन विगत 3 वर्षों से बिजली बिल जमा करने की मंशा जाहिर नहीं की शासन की योजनाओं का लाभ लेने लिए निरंतर विद्युत बिलों का भुगतान करें। इस अवसर पर वितरण केन्द्र प्रभारी कनिष्ठ अभियंता संदीप यादव, लाइन परिचारक अमित अनुज यादव, लाइन हेल्पर राजेश रजक और ग्राम पंचायत सरपंच उपसरपंच ओर अन्य बकायेदार उपभोक्ता मौके पर उपस्थित रहे।

## केंद्र स्तरीय शैक्षिक संवाद संपन्न



तेंदूखेड़ा विगत दिवस जन शिक्षा केंद्र कन्या विद्यालय तेंदूखेड़ा में अगस्त का शिक्षकों के लिए शैक्षिक संवाद संपन्न हुआ। इसमें शैक्षिक संवाद कक्षा 6 से 8 के लिए नोडल अधिकारी जन शिक्षक त्रिलोक जैन और सहजकर्ता सतीश साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ । प्रतिभागी के रूप में शिक्षक घनश्याम उपाध्याय लक्ष्मी विश्वकर्मा सूर्यकांत पाठक तुलसीराम चौधरी छत्रपाल पटेल पुरुषोत्तम मेहरा अनिरुद्ध श्रीवास्तव श्रीमती चैनबाई जाटव श्रीमती ज्योति जाटव की उपस्थित रही। शैक्षिक संवाद कक्षा 3 से 5 के लिए नोडल अधिकारी जन शिक्षक जगन्नाथ सिलावट और सहजकर्ता के रूप में अमित चौरसिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतिभागी के रूप में राजकुमार श्रीवास्तव राजकुमार दुबे मोहन पटेल अनिल श्रीवास्तव नीरज पटेल मुकेश पटेल विकास तिवारी रामकुमार कौरव रोहित अग्रवाल नीलकंठ जाटव लक्ष्मी प्रसाद वर्मा हरिदास वर्मा तरवर पटेल सुरेश विश्वकर्मा बसंत अवस्थी महेश सिंह ठाकुर बहादुर सिंह अहिरवार धनीराम पटेल दिगंबर ठाकुर श्रीमती मनीषा नामदेव, श्रीमती मंजूषा लखेरा, शिखा बरमैया कीर्ति पटेल दीपा चौधरी की उपस्थिति रही।

# राज्य स्तरीय चौपड़ प्रतियोगिता कल से

### सांसद करेंगे उद्घाटन विधायक करेंगे समापन

**तेंदूखेड़ा।** ग्रामीण क्षेत्रों में पुराने खेल आज भी प्रासांगिक बनें हुए हैं। इनका प्रचलन आज भी जारी है। निश्चित तौर पर इन खेलों से जहां खेल भावना जागृत होती है वहीं एक साथ बैठक और लोगों के बीच मेल-जोल से गांव में भाईचारा कायम रहता है।ऐसा ही एक उदाहरण समीपी ग्राम पंचायत ईश्वरपुर के सरपंच चौ चंद्रभूषण पटेल ने प्रस्तुत किया है जो अपने स्वर्गीय पिता रामनाथ पटेल की पुण्य स्मृति में हर साल चौपड़ प्रतियोगिता को काफी लंबे समय से आयोजन करते चले आ रहे हैं।इस वर्ष यह आयोजन राज्य स्तर पर आयोजित किया जा रहा है।जो कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 पर स्थित चौधरी गार्डन परिसर में किया जायेगा।एक सितंबर से तीन सितंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय सांसद चौ दर्शन सिंह पटेल करेंगे एवं समापन क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल के द्वारा किया जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को 501 रुपये एंट्री फीस रखी गई है। तथा प्रथम पुरस्कार में 25001/रुपए नगद तथा शील्ड द्वितीय पुरस्कार में 11000/नगद तथा शील्ड तृतीय पुरस्कार 7001/नगद एवं शील्ड चतुर्थ पुरुस्कार 3501/नगद एवं शील्ड प्रदान की जायेगी। एक निर्णायक समीति भी बनाई गई है जो अलग-अलग ग्रामों के वरिष्ठ जानकार खिलाड़ी रहेगे। तथा बाहर से आने वाले खिलाड़ियों को भोजन की व्यवस्था समीति द्वारा की जायेगी।

### महाविद्यालय में खेल दिवस का आयोजन



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों खेल दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ चढकर भाग लिया। जिनमें टेबिल टेनिस व्हॉलीवॉल शतरंज बेडमिंटन कैरम प्रतियोगिता प्रमुख रुप से शामिल हैं।का आयोजन किया गया। सरस्वती पूजन मेजर ध्यान चंद्र के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष सुरेंद्र खेरोनिया सदस्य नितिन राजपूत प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। उपस्थितजनो ने राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुये विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया एवं खेल के महत्व को अपने जीवन में उतारने का संकल्प दिलवाया।प्रभारी प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न विधाओं में स्वर्ण एवं रजत पदक देकर सम्मानित किया । प्रतियोगिताओं में प्रभारी प्राचार्य डॉ. भानू प्रताप प्रजापति डॉ. बी.डी. विश्वकर्मा डॉ. आदर्श चौधरी,डॉ. प्रशांत कुमार डॉ. दिपेश ठाकुर शैलेंद्र पटैल एवं दीपक प्रजापति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रशांत कुमार एवं आभार डॉ. दिपेश ठाकुर द्वारा किया गया।

## व्यसन मुक्त समाज की दिशा में ग्राम पंचायत ने लिया अर्थदंड का निर्णय



**तेंदूखेड़ा।** व्यसनों से बर्बाद होती युवा पीढ़ी परिवारों में मचते कलह लड़ाई झगड़ों टूटते परिवारों को लेकर ग्राम पंचायत मनकापुर ने शनिवार को एक आवश्यक ग्राम सभा बुलाकर अनूठा निर्णय लिया है। जिसकी ग्रामीण महिलाओं द्वारा सराहना की जा रही है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार पहले गांव में आवश्यक ग्राम सभा को लेकर एक मुनादी कराई गई जिसमें सभी वर्गों के लोगों को उपस्थिति पहुंचने की बात रखी गई। ग्राम पंचायत भवन में पहुंचे सभी लोगों के बीच यह निर्णय लिया गया कि गांव में कोई भी व्यक्ति ना तो शराब बेचेगा और ना ही गांव में शराब या अन्य किसी भी मादक पदार्थ का सेवन करेगा यदि ऐसे करते हुए कोई व्यक्ति पाया जाता है तो उस पर आवश्यक दंड स्वरूप 5100/ अर्थदंड वसूला जाएगा। और भी यदि नहीं मानते हैं तो गांव की हर गतिविधि से वंचित रखा जायेगा।यह निर्णय सभी वर्गों के लोगों की सहमति से ही लिया गया है।इस निर्णय से गांव की महिलाओं ने स्वागत करते हुए व्यसन मुक्त समाज निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होना बताया है। गौरतलब रहे कि भामा ग्राम पंचायत में भी इसी तरह का निर्णय लिया गया है। और इस पर पहल होना भी शुरू हो गई है।

## जनाकर्षण का केंद्र बनीं गणपति की प्रतिमा



**तेंदूखेड़ा।** दस दिनों तक चलने वाले विघ्नेश्वर प्रथम देव श्री गणेश जी का महापर्व संपूर्ण क्षेत्र में भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। वहीं समीपी ग्राम मदनपुर में गांव के ही नीरज केवट के द्वारा निर्मित की गई श्री राधा कृष्ण रोल गणपति जी तथा ऋद्धि सिद्धि की मूर्ति जनाकर्षण का केंद्र बनीं हुई है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन लाभ ले रहे हैं तथा पूजन एवं आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहें हैं।

# धन का अर्जन तभी सार्थक है जब उसका उपयोग धर्म के लिए किया जाए: शंकराचार्य



**गोटेगांव।** परमहंसी गंगा आश्रम में धर्मसभा दौरान द्वारका शारदापीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने बाल्मीकी रामायण का पंचवटी प्रसंग सुनाया। कहा कि धर्म का मूल उद्देश्य आत्मकल्याण और समाज कल्याण है। धन का अर्जन तभी सार्थक है जब उसका उपयोग धर्म के लिए किया जाए। धर्म पालन हेतु धन आवश्यक है, परंतु धनार्जन सदैव धर्मसम्मत होना चाहिए। मनुष्य को अपने शरीर की रक्षा केवल भोग के लिए नहीं बल्कि तत्व-जिज्ञासा और ब्रह्ममविद्या की साधना के लिए करनी चाहिए। जहाँ ब्रह्ममविद्या प्रकाशित होती है वही भारत है। वेदान्त कहता है कि प्रत्येक मनुष्य के भीतर अपूर्व ज्ञान छिपा हुआ है जैसे बल्ब में विद्युत छिपी रहती है। आपने पंचवटी प्रसंग सुनाते हुए कहा कि श्रीराम, सीता और लक्ष्मण जब पंचवटी में निवास कर रहे थे तभी शूर्पणखा वहाँ पहुँची। उसकी दुष्ट प्रवृत्ति को देखकर लक्ष्मण ने उसका नासिका.कर्ण काट दिया। आपने कहा कि जैसे आकाश में पतंग उड़ती है और उसकी डोर कटते ही वह धरती पर गिर जाती है वैसे ही शूर्पणखा की नाक कटने के साथ ही उसका अभिमान और दुष्टता भी धराशायी हो गई। यह प्रसंग बताता है कि अधर्म और कामवासना का परिणाम सदैव अपमान और पतन ही होता है। अपमानित होकर शूर्पणखा ने अपने भाइयों खर, दूषण को उकसाया। वे 14 हज़ार राक्षसों की सेना लेकर युद्ध के लिए आए। भगवान श्रीराम ने अकेले ही सबका संहार कर दिया। शंकराचार्य ने कहा धर्म की रक्षा के लिए कभी-कभी कठोरता आवश्यक होती है। जब अन्याय और अधर्म बढ़ता है तब भगवान स्वयं उसका अंत करते हैं धर्म के बिना धन और राज्य वैभव निरर्थक-प्रसंग में आगे बताया कि शूर्पणखा ने यह समाचार रावण को सुनाया। रावण क्रोध में भरकर सीताहरण का षड्यंत्र रचने लगा और मारीच के पास पहुँचा। रावण ने उसे स्वर्णमृग का रूप धारण करने का आदेश दिया। मारीच ने बहुत समझाया कि यह कार्य हितकारी नहीं है परंतु रावण अपनी दुराग्रह वश नहीं माना। आपने ने कहा कि रामायण का यह प्रसंग हमें सिखाता है कि जब मनुष्य दुराग्रह में आकर सत्य और हितकारी वचनों को अस्वीकार करता है तब उसका पतन निश्चित होता है। मारीच ने उचित परामर्श दिया, परंतु रावण ने उसे नहीं माना और उसी के परिणामस्वरूप लंका का विनाश हुआ।



आपने अंत में कहा कि मनुष्य को सदैव धर्ममार्ग पर चलना चाहिए। धर्म से ही जीवन की सार्थकता है। धर्म के बिना धन और राज्य वैभव निरर्थक है।जिन का ह्दय पवित्र होता है वही भगवत कृपा के अधिकारी- अ ग्नि पी ठा धी श्व र महामंडलेश्वर आचार्य रामकृष्णानंद ने कहां कि ईश्वर की कृपा के बिना सत्संग का लाभ अर्जित नहीं हो सकता है। जिन का ह्दय पवित्र होता है वही भगवत कृपा के अधिकारी बन पाते है। इस भारत देश में ही ज्ञानी गुरू मिलते है जो गुरू अंधकार जीवन में प्रकाश की रोशनी ला दे वही गुरू कहलाता है, वरना आज कल गली गली में गुरू बनने की लालसा से लोग भ्रमण कर रहे है। सच्चा गुरू वही है जो जीव को 84 लाख योनी के चक्कर से छुटकारा दिला दे। आपने कहा कि मानव संसारी के पास जाएगा तो वह संसार की बात करेगा और जो साधु संतों के पास जाएगा वह सत्संग के माध्यम से परमार्थ की कथा सुनाएगा।

# कर्म सिद्धांत अटल है, यहां पर कुछ भी स्थिर नहीं है: प्रबुद्धसागर



**गोटेगांव।** जैन श्रावकों के महापर्व दशलक्षण पर्युषण पर्व पर सभी आठ जैन मंदिरों में प्रति दिन भव्य धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। जैन मुनि 108 प्रबुद्ध सागर ने प्रवचन में कहा कि सच्चे अर्थों में दश लक्षण पर्व संतों के लिए नहीं बल्कि श्रावकों के लिए खास है। यह पर्व उनके शरीर रूपी मशीन को पूर्ण रूप से साफ करने का अवसर है। मुनि महाराजों की तो प्रतिक्षण प्रत्येक पद में अपने उपयोग को शुद्ध करने की क्त्रिस्या चलती ही रहती है। जैसे आटा पीसने की चक्की चलाते हैं और उसे कुछ दिनों बाद इसलिए साफ करते हैं कि उसका भीतरी साफ हो जाए। ठीक उसी तरह शरीर का भी सिद्धांत है। पर्युषण पर्व के चलते उपवास, व्रत, एकासन करने से शरीर भी भीतर से साफ शुद्ध स्वच्छ, स्वस्थ होकर उपासना का केंद्र बन जाता है। उन्होंने कहा कि दशलक्षण धर्म का पालन करते समय संसार की परिस्थितियों को देखकर श्रावक अपने परिणामों को वीतरागिता से युक्त करता है। वह भावनाओं का चिंतन करता है। क्षमा भाव धारण करते हुए संसार की अनित्य का चिंतन किया जाता है। यह संसार सागर, यह मानव जीवन पानी की बूंद के बुलबुले के समान क्षणिक है। संसार में किसी को नहीं टिकना है। यहां तो हर कोई कुछ दिन के लिए अतिथि है, तो फिर क्षमा भाव क्यों नहीं रखना चाहिए। अहिंसा धर्म का पालन क्यों नहीं करना चाहिए। कर्म सिद्धांत अटल-मुनि ने कहा कि कर्म सिद्धांत अटल है। यहां पर कुछ भी स्थिर नहीं है। संसार की विनश्वरता को देखकर ही साधु की साधना होती है। श्रावकों को धर्म के प्रति स्वार्थ नहीं बल्कि समर्पण रखना चाहिए। श्रावक को देव, धर्म, गुरु ही शरण देते हैं। आपको मरण के समय धर्म ही शरण देता है। गुरु ही शरण देता है। मरण के समय रागियों का साथ आपके कोई काम नहीं आता है। मरण के समय किसी का सहयोग नहीं मिलता है। श्रेष्ठ बात यह है कि मरण करते समय बारह भावना ही काम आती है। यह बारह भावना धर्म की रीढ़ है। संसार में आप अकेले आए थे और आप अकेले ही जाएंगे। आपके साथ यदि कुछ जाएगा तो वह सिर्फ आपके ही कर्मबंध जाएंगे। क्योंकि आपकी आत्मा शाश्वत है। उन्होंने कहा कि धर्म समझदारों का होता है। नासमझ तो धर्म करता ही नहीं है। मुनि ने बताया कि कर्मों का आस्त्रव भावों से होता है। इसलिए आपको अपने भावों को सुधारना होगा, संवारना होगा। आप ऐसे कर्मों का आस्त्रव ना करों कि आपका भव ही बिगड़ जाए। आप पुण्य के आस्त्रव के अच्छे कार्य करो। आप कभी भी पाप के आस्त्रव के कार्य मत करो। वीतरागियों के पास पहुंचने के लिए ह्रदय की शुद्ध भावना होनी चाहिए। आप बारह भावनाओं के माध्यम से पाप कर्मों का आस्त्रव रोक सकते हैं।